# महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल फेरबदल की अटकलें

**फडणवीस की शाह से सियासी मुलाकात**

**जल्द हो सकता है मंत्रिमंडल का पुनर्गठन**



**नई दिल्ली, 25 जुलाई. महाराष्ट्र में मंत्रियों और विधायकों के कार्यों तथा बयानों को लेकर मिल रही कड़ी आलोचना के बीच, राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नई दिल्ली दौरे पर गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के साथ गहन विचार-विमर्श किया.**

फडणवीस की शाह से यह मुलाकात राज्य भाजपा के नव-निर्वाचित अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा के मुख्य रणनीतिकार से मिलने के एक दिन बाद हुई है. शाह और नड्डा के अलावा, फडणवीस ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विद्युत, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर और नीति आयोग के सीईओ बी वी आर सुब्रमण्यम से भी मुलाकात की. 25 मिनट तक चली इस बैठक में 'महायुति' गठबंधन के भीतर चल रहे गतिरोध से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की खबर है। हालांकि, भाजपा नेताओं का दावा है कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी. खबरों के मुताबिक, कुछ विवादित मंत्रियों के विभागों में बदलाव को लेकर भी चर्चा हुई.

इस घटनाक्रम से संकेत मिलता है कि फडणवीस के मंत्रिमंडल में जल्द ही फेरबदल हो सकता है. फडणवीस ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, दिल्ली में हमारे नेता, केंद्रीय गृह मंत्री, सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की. मुलाकात के दौरान महाराष्ट्र के विकास से जुड़े कुछ अहम मुद्दों पर भी बात हुई. खबरों के अनुसार, महाराष्ट्र में एक बड़े रसायन कारखाने परियोजना को केंद्र से हरी झंडी मिल गई है. इस कदम से राज्य में निवेश और रोजगार के नए रास्ते खुलने की संभावना है.

> पिछले एक सप्ताह से महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार में मंत्रियों के बदलाव की चर्चा ज़ोरों पर है. ऐसे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। दोनों नेताओं के बीच करीब 25 मिनट तक बातचीत हुई. शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' में दावा किया गया है कि जल्द ही फडणवीस सरकार के 8 मंत्रियों की विकेट गिरने वाली है। ये सभी मंत्री शिंदे और पवार की पार्टी के हैं. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हैं लेकिन सरकार का रिमोट कंट्रोल अमित शाह के पास है.

## ओडिशा सतर्कता विभाग ने वन रेंजर के घर से डेढ़ करोड़ बरामद किए

**भुवनेश्वर, 25 जुलाई.** ओडिशा सतर्कता विभाग ने कोरापुट जिले के जेपोर वन रेंज के डिप्टी रेंजर राम चंद्र नेपाक के घर से 1.44 करोड़ रुपये नकद, चार सोने के बिस्कुट और 16 सोने के सिक्के जब्त किए हैं. सूत्रों के अनुसार जेपोर शहर में गोल्डन हाइट रेजिडेंशियल अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 510 के अंदर एक गुप्त कक्ष से 1.44 करोड़ नकद बरामद किए. छह पुलिस उपाधीक्षक, पांच इंस्पेक्टर, 9 सहायक सब इंस्पेक्टर व अन्य सहायक कर्मचारियों वाली टीम ने विशेष न्यायाधीश सतर्कता द्वारा जारी वारंट पर कार्रवाई करते हुए नेपाक से जुड़े छह अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की.



# जामनगर में वनतारा हाथियों की सेवा को समर्पित

**गजसेवकों का 5 दिवसीय महासम्मेलन आयोजित**

**100 से अधिक महावत और विशेषज्ञ लेंगे हिस्सा**

**जामनगर, 25 जुलाई. अनंत अंबानी द्वारा संचालित भारत के प्रमुख वन्यजीव बचाव एवं संरक्षण केंद्र वनतारा ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रोजेक्ट एलिफ़ेंट के सहयोग से जामनगर में पांच दिवसीय 'वनतारा गजराज सम्मेलन' का आयोजन किया है.**

यह देश का अब तक का सबसे बड़ा ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो हाथियों की सेवा और देखभाल को समर्पित है. सम्मेलन में 100 से अधिक महावतों और हाथी विशेषज्ञों को पारंपरिक और वैज्ञानिक दोनों प्रकार की देखभाल विधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे. वनतारा के सीईओ विवान करानी ने कहा, यह सम्मेलन केवल प्रशिक्षण का मंच नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और करुणामयी भविष्य की नींव है. हमारा उद्देश्य पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय से हाथियों के कल्याण के लिए एक सशक्त और टिकाऊ व्यवस्था बनाना है. यह दर्शाता है कि हाथियों का संरक्षण केवल नीति और आवास तक सीमित नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करने वालों की कुशलता और संवेदनशीलता पर भी आधारित है.

**500 प्रशिक्षित कर्मचारी कर रहे हाथियों की सेवा**

यह कार्यक्रम जामनगर स्थित राधे कृष्ण टेंपल एलिफ़ेंट वेलफेयर ट्रस्ट परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जो वनतारा के अंतर्गत कार्यरत एक कल्याणकारी संस्था है. वनतारा में वर्तमान में 250 से अधिक हाथियों की देखभाल की जा रही है, जिनकी सेवा में 500 से अधिक प्रशिक्षित कर्मचारी कार्यरत हैं. इसके अतिरिक्त, अफ्रीकी देश कॉन्गो से वन्यजीव विशेषज्ञ एवं अधिकारी भी प्रशिक्षण के उद्देश्य से यहां उपस्थित हैं. अक्टूबर में राष्ट्रीय चिड़ियाघर निदेशकों का सम्मेलन भी वनतारा में आयोजित किया जाएगा. ऐसे आयोजनों के माध्यम से देश-दुनिया के विशेषज्ञ, नीति निर्माता और वन्यजीवों की सेवा में समर्पित लोग एक मंच पर आकर सहयोग, संवाद और संरक्षण कार्यों को अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ा सकते हैं.

## अत्याधुनिक रडार खरीद के लिए दो हजार का करोड़ अनुबंध

**नई दिल्ली, 25 जुलाई.** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए सभी तरह के हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार की खरीद के लिए शुक्रवार को यहां भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ करीब 2000 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए. यह अनुबंध खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिज़ाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के अंतर्गत की जायेगी. रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और बीईएली के वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुबंध पर हस्ताक्षर और दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया.

# चीन ने पाक सेना प्रमुख को लगाई फटकार

**नागरिकों की सुरक्षा पर जताई चिंता**



**बीजिंग, 25 जुलाई.पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर चीन के दौरे पर हैं जहां विदेश मंत्री वांग यी ने उनसे मुलाकात की.वांग यी ने मुनीर से मुलाकात के दौरान पाकिस्तान में मौजूद चीनी नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया. पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान में हुए आतंकी हमलों में कई चीनी नागरिकों की जान गई है, जिस पर चीन ने गहरी चिंता व्यक्त की.**

मुलाकात में वांग यी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पाकिस्तान को अपने नागरिकों, परियोजनाओं और संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी. उन्होंने यह भी दोहराया कि पाकिस्तान के साथ रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना चीन की प्राथमिकता है. जवाब में, मुनीर ने चीन को आश्वासन दिया कि पाकिस्तानी सेना चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी. उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना चीन और पाकिस्तान की दोस्ती की समर्थक है और दोनों देशों के बीच संबंधों के विकास के लिए आगे भी प्रयास करती रहेगी. मुनीर ने चीन और पाकिस्तान की दोस्ती को चट्टान की तरह मजबूत बताया और कहा कि चीन, पाकिस्तान का आयरन ब्रदर है.

चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग ने शुक्रवार को बीजिंग में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर से मुलाकात की.झेंग ने कहा कि चीन और पाकिस्तान के बीच के द्विपक्षीय रिश्ते उच्चस्तरीय आपसी समझ, चुनौतियों के बीच एकजुटता और साझे भविष्य पर आधारित हैं. दोनों देश के बीच की दोस्ती अटूट है और दोनों देशों के बीच सर्वकालिक रणनीतिक सहकारी साझेदारी रही है.

# सुप्रीम कोर्ट का तेलंगाना और आंध्र में परिसीमन से इनकार

- कोर्ट ने दोनों राज्यों की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली, 25 जुलाई. उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में परिसीमन कर विधानसभा क्षेत्रों की संख्या बढ़ाने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी.**

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने के पुरुषोत्तम रेड्डी की उस गुहार को ठुकरा दी, जिसमें दलील दी गई थी कि जम्मू-कश्मीर के लिए परिसीमन किया गया और विधानसभा क्षेत्रों की संख्या बढ़ाई गयी, लेकिन आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में ऐसा नहीं किया गया. याचिकाकर्ता ने इसे मनमाना और संविधान का उल्लंघन करार दिया था.

पीठ ने रेड्डी की परिसीमन के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज करते हुए कहा कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों को जम्मू-कश्मीर के समान नहीं माना जा सकता.पीठ ने यह मानते हुए कि इससे (याचिका स्वीकार करने से) सभी राज्यों के लिए समानता की मांग करने के लिए ढेरों रास्ते खुल जाएंगे.

पीठ कहा, हमारा मानना है कि धारा 170(3) के तहत संवैधानिक जनादेश एक बाधा के रूप में कार्य करता है. परिसीमन की मांग इसके विपरीत है.

# एसआईआर का लक्ष्य त्रुटि-मुक्त होना

- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश ने फर्जी वोटों पर उठाया सवाल
- 22 लाख मृत वोटर हटाए जाएंगे, 35 लाख प्रवासी पहचान में आए

**नई दिल्ली, 25 जुलाई. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार की मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रक्रिया का जोरदार बचाव किया है. उन्होंने विपक्ष की आलोचना पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या हमें फर्जी वोटों की अनुमति देनी चाहिए.**

यह सवाल तब आया जब बिहार में 61.1 लाख मतदाताओं को 'नहीं मिला' (मृत, प्रवासी, या डुप्लीकेट मतदाता) के रूप में पहचान की गई है. चुनाव आयोग का कहना है कि एसआईआर का लक्ष्य एक त्रुटि-मुक्त मतदाता सूची तैयार करना है. इस प्रक्रिया के तहत, 99 फीसदी मतदाताओं को कवर किया जा चुका है और सभी फॉर्मों को डिजिटल किया जा रहा है. मसौदा सूची 1 अगस्त को सार्वजनिक समीक्षा और आपत्तियों के लिए प्रकाशित की जाएगी. यह प्रक्रिया बिहार में चुनावी पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. आयोग मतदाताओं से सक्रिय भागीदारी की उम्मीद कर रहा है.

> भारत निर्वाचन आयोग ने घोषणा की कि बिहार में चल रही सिस्टेमैटिक इन्फॉर्मेशन रिव्यू प्रक्रिया में 7.23 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि राज्य के 99.8 फीसदी मतदाताओं की प्रविष्टियां इस प्रक्रिया के तहत पूरी हो चुकी हैं. चुनाव आयोग ने बताया कि इन सभी मतदाताओं के नाम 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे. शेष मतदाताओं के फॉर्म और बीएलओ रिपोर्ट्स का कार्य भी इसी दिन तक पूरा कर लिया जाएगा. एसआईआर प्रक्रिया के तहत, 24 जून से अब तक बड़े पैमाने पर त्रुटियों की पहचान की गई है. इस दौरान 22 लाख मृत मतदाताओं, 7 लाख डुप्लीकेट पंजीकरण और 35 लाख प्रवासी या लापता मतदाताओं की पहचान की गई है.



## इजरायली हवाई हमलों में मारा गया हिज्बुल्लाह

**बेरूत/यरूशलम, 25 जुलाई.** इज़रायली जंगी जहाजों और ड्रोनों ने गुरुवार को दक्षिणी लेबनान में कई हवाई हमलों को अंजाम दिया जिसमें हिज़्बुल्लाह के एक आतंकी की मौत हो गई. लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिण लेबनान के बिंत जेबिल जिले में एक वाहन पर हुए ड्रोन हमले में मुस्तफा हरीसी नाम का व्यक्ति मारा गया. इसके अलावा इज़रायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के इलाकों में हिज़्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर लगभग 12 हवाई हमले किए. इज़राइली सेना के प्रवक्ता ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उस इलाके में हिज़्बुल्लाह की गतिविधियां, इज़रायल और लेबनान के बीच हुए समझौतों का घोर उल्लंघन हैं.

# गंगा नदी खतरे की रेखा पार, अलर्ट जारी

**बाढ़ की चपेट में कई जिले देशभर में मानसून की सक्रियता**

**बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र**



**कोलकाता/पटना, 25 जुलाई. पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा, पूर्वी बर्धमान और पश्चिमी मेदिनीपुर जिलों में आए आंधी-तूफान और बिजली गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है.**

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. राज्य के बांकुड़ा जिले से नौ, पूर्वी बर्धमान से छह और पश्चिमी मेदिनीपुर जिले में तीन लोगों की बारिश की आपदा की चपेट में आने से मौत हो गई. ये मौतें उस समय हुई जब मानसूनी बारिश को देखते हुए किसान खेती के काम में जुटे हुए थे. इसके अलावा कोलकाता में रात भर और सुबह हुई बारिश ने सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया. मौसम विज्ञानियों ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिससे राज्य में और बारिश हो सकती है. अगले दो दिनों में इसके चलते पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, झारखंड और उससे सटे उत्तरी छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने की आशंका है. बिहार एक बार फिर बाढ़ के संकट से जूझ रहा है. गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर ने राज्य की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, जिससे कई जिलों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है. बक्सर, गांधी घाट, हाथीदह व कहलगांव जैसे इलाकों में गंगा पहले ही खतरे की रेखा को पार कर चुकी है.

## शादी से पहले अनिवार्य एचआईवी जांच पर विचार

**शिलांग, 25 जुलाई.** मेघालय सरकार राज्य में एचआईवी/एड्स के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए शादी करने जा रहे लोगों के लिए एचआईवी जांच अनिवार्य करने पर विचार कर रही है. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. माजेल अम्पारीन लिंगदोह ने कहा कि संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए, सरकार ऐसी नीति लागू करने के लिए कानूनी संभावनाओं का पता लगाएगी. उन्होंने कहा, गोवा ने किसी भी जोड़े की शादी से पहले एचआईवी एड्स परीक्षण अनिवार्य कर दिया है, तो मेघालय में अपने कानून क्यों नहीं होने चाहिए? लिंगदोह ने बताया, हम कानूनी विशेषज्ञों और संबंधित विभागों के साथ मिलकर इस तरह के कानून की व्यवहार्यता का आकलन करेंगे.

## एक नजर में



### जापान में भीषण गर्मी, लू अलर्ट जारी

**टोक्यो.** जापान में इस समय जोरदार गर्मी पड़ रही है और शुक्रवार को भी गर्मी का प्रचंड रूप देखने को मिला.मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि जापान में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहा. एजेंसी ने देश के अधिकांश हिस्सों में 'लू' के लिये चेतावनी भी जारी की है. गर्मी का यह प्रकोप जापान पर बने उच्च दबाव के कारण है.इस बीच देश भर में 'लू' के लिये चेतावनी जारी की गई है जिसमें होक्काइडो के कुछ हिस्से, तोचिगी, गुन्मा, सैतामा, हिरोशिमा और नागासाकी एवं राजधानी टोक्यो भी शामिल हैं. गौरतलब है कि होक्काइडो में रिकॉर्ड अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है. मौसम एजेंसी के अनुसार ह्योगो प्रान्त के तोयोका शहर में दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस, इवाते प्रान्त के इचिनोसेकी शहर और फुकुशिमा, माएबाशी, कुमागाया, क्योटो और मैजुरु शहरों में तापमान के 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने के आसार हैं.

### इराक में भयंकर जलसंकट, देश में पड़ा सूखा

**बगदाद.** इराक ने कहा है कि देश में इस समय जो भयंकर सूखा पड़ा है उसका मुख्य कारण कम बारिश और ऊपरी देशों से पानी की कम आपूर्ति होना है जिससे पानी का भयंकर संकट उत्पन्न हो गया है.इराकी जल संसाधन मंत्रालय के प्रवक्ता खालिद शामल ने कहा है कि यह साल 1933 के बाद से सबसे सूखा साल है और टिगरिस तथा यूफ्रेटस नदी बेसिन में पानी की आवक पिछले वर्ष की तुलना में मात्र 27 प्रतिशत ही है.उन्होंने कहा कि देश के बांधों और जलाशयों में इस समय कुल भंडारण क्षमता का केवल आठ प्रतिशत पानी ही बचा है जो पिछले वर्ष की तुलना में 57 प्रतिशत कम है. इस कमी से देश के सभी प्रांतों में पानी की किल्लत बढ़ गयी है खासकर मध्य और दक्षिणी राज्यों में यह समस्या ज्यादा विकराल रूप ले चुकी है.

### 'उदयपुर फाइल्स' पर रोक से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने 'उदयपुर फाइल्स' से संबंधित याचिकाओं के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त किए बिना शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह इस विवाद से जुड़े मामलों पर 28 जुलाई को विचार करे. न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि उसने उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल तेली की हत्या पर बनी इस हिंदी फिल्म के प्रदर्शन पर रोक नहीं लगाई है. पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम उच्च न्यायालय से अनुरोध करेंगे कि वह 28 जुलाई को इस मामले पर सुनवाई करे और एक संक्षिप्त, तर्कसंगत आदेश पारित करे.

# भारतीय भर्ती पर राष्ट्रपति ट्रंप का वार

- गूगल-मेटा से ट्रंप ने विदेशी नियुक्ति रोकने को कहा
- अमेरिकी प्रतिभा को दें प्राथमिकता



**वॉशिंगटन, 25 जुलाई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की बड़ी तकनीकी कंपनियों को कड़ा संदेश दिया है. उन्होंने वॉशिंगटन में आयोजित एक एआई शिखर सम्मेलन के दौरान गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों से भारत सहित दूसरे देशों से भर्तियां बंद करने को कहा है.**

ट्रंप ने अमेरिकी प्रतिभा को प्राथमिकता देने की सलाह दी है. यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि दुनिया की कई बड़ी तकनीकी कंपनियों में, यहां तक कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पदों पर भी कई भारतीय मूल के लोग पहुंच चुके हैं. इनमें गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला जैसे नाम शामिल हैं. हाल ही में मेटा ने भी एक बड़ी एआई टीम की भर्ती की है, जिसमें कई भारतीय नाम शामिल हैं.

डोनाल्ड ट्रंप ने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान टेक उद्योग की वैश्विक मानसिकता की तीखी आलोचना की. उन्होंने आगे कहा कि इस वजह से कई अमेरिकी नागरिकों और अमेरिकी प्रतिभा को नजरअंदाज किया जा रहा है. उन्होंने दावा किया कि कई शीर्ष कंपनियां मुनाफे के लिए अमेरिका की आजादी का फायदा उठा रही हैं और बाहरी लोगों पर बड़ा निवेश कर रही हैं. ट्रंप ने आगे कहा कि बहुत सी टेक कंपनियां अमेरिकी आजादी की वजह से अपनी फैक्ट्रियों को चीन में लगा रहे हैं और भारत से कर्मचारियों को भर्ती कर रहे हैं, ये सब बातें आप जानते हैं। इन सब के बावजूद वे अपने ही देश के लोगों को नकार रहे हैं और आलोचना तक कर रहे हैं.

### आज का इतिहास

1788 : न्यूयॉर्क अमेरिका का 11वां राज्य बना.

1844 : भारत के प्रमुख शिक्षाविद् गुरुदास बनर्जी का जन्म.

1876 : कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना.

1951 : नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध समाप्त किया.

1956 : मिस्र ने स्वेज नहर पर कब्ज़ा किया.

1965 : मालदीव ब्रिटेन से आजाद हुआ.

2005 : नासा के शटल डिस्कवरी का प्रक्षेपण.

2007 : पाकिस्तान ने परमाणु मिसाइल बाबर हत्फ़-7 का सफल परीक्षण किया.

2013 : पाकिस्तान में बम विस्फोट में 57 लोग मारे गये.

# मोदी आज करेंगे 4800 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास



**नई दिल्ली 25 जुलाई. ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तमिलनाडु के तूतीकोरिन में 4800 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे. मोदी दो दिन की यात्रा पर शनिवार शाम तुतीकोरिन पहुंचेगें.**

रविवार को वह तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली स्थित गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आदि तिरुवथिरई महोत्सव के साथ महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती समारोह में भाग लेंगे. तूतीकोरिन में प्रधानमंत्री जिन परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे उनसे क्षेत्रीय संपर्क में वृद्धि होगी, रसद दक्षता बढ़ेगी. स्वच्छ ऊर्जा अवसंरचना को मजबूती मिलेगी और तमिलनाडु के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार होगा. प्रधानमंत्री तूतीकोरिन हवाई अड्डे पर लगभग 450 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे जिसे दक्षिणी क्षेत्र की बढ़ती विमानन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है.

# यूके साथ हुआ समझौता किसानों के हित में - शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली, 25 जुलाई. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि भारत और यूनाईटेड किंगडम में हुआ कृषि व्यापार समझौता देश के किसानों और खेती के लिए किसी वरदान से कम नहीं है.**

जारी एक बयान में इस समझौते की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसमें किसानों के हितों की रक्षा पर खासा ध्यान दिया गया है. यूके ने भारत से भेजे जाने वाले खेती के कई उत्पादों पर आयात शुल्क घटाकर शून्य कर दिया है. इससे भारतीय किसानों के उत्पाद यूके में सस्ते हो जाएंगे, जिसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाल ही में यूके के दौरे के समय हुए व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (एफटीए) का कृषि क्षेत्र पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह समझौता अभूतपूर्व और ऐतिहासिक है।भारत, यूके को हर साल साढ़े आठ हजार करोड़ रुपये मूल्य के कृषि उत्पाद निर्यात करता है जबकि वहां से 3,200 करोड़ रुपये का कृषि आयात होता है.

**सम्मान समारोह** — **जशपुर में को साड़ी और प्रशस्ति पत्र दिया, सीएम आईटी फेलोशिप की शुरुआत**

# स्वच्छता दीदियों का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान



**रायपुर 25 जुलाई. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में हमारी स्वच्छता दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, जिन्होंने निष्ठा, परिश्रम और सेवा-भावना के साथ समाज को नई दिशा दी है.**

मुख्यमंत्री साय ने शुक्रवार को जशपुर जिले के ग्राम बगिया में आयोजित सम्मान समारोह में स्वच्छता दीदियों को साड़ी, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि जशपुर एक प्राकृतिक रूप से समृद्ध और सुंदर जिला है, लेकिन पहले जब वे गांवों का दौरा करते थे, तो सड़कों के किनारे फैला कचरा गांवों और नगरों की सुंदरता को धूमिल कर देता था. इस स्थिति को बदलने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत कर इसे राष्ट्रीय जनआंदोलन में परिवर्तित किया. उन्होंने गांव-गांव, शहर-शहर स्वच्छता की अलख जगाई. उन्होंने हर नागरिक को स्वच्छ और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार दिलाने का प्रयास किया.

> मुख्यमंत्री ने कहा है कि तरक्की में सुनिश्चित हो रही युवाओं की सक्रिय भागीदारी को देखते हुए हमारी सरकार ने तकनीक के क्षेत्र में युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को सही दिशा देने के उद्देश्य से 'सीएम आईटी फेलोशिप कार्यक्रम' की शुरुआत की है. साय ने एक्स पर ट्वीट कर बताया कि इस योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को नवा रायपुर स्थित आईआईटी में एआई व डाटा साइंस जैसे भविष्यगामी एवं व्यावहारिक कोर्स में एमटेक करने का अवसर मिलेगा.